उपायुक्त-सह-जिला दण्डाधिकारी का कार्यालय, रामगढ़

(जिला योजना)

दिनांक 14.02.2020 को उपायुक्त–सह–अध्यक्ष, DMFT की अध्यक्षता में सम्पन्न DMFT के प्रबंधकीय समिति की बैठक की कार्यवाही :–

उपस्थिति पंजी के अनुसार

बैठक में उपस्थित पदाधिकारियों का अभिवादन करते हुए DMFT के उद्देश्यों एवं प्राथमिकताओं का उल्लेख करते हुए बैठक की कार्यवाही प्रारम्भ करने हेतु जिला योजना पदाधिकारी–सह–प्रभारी पदाधिकारी, DMFT, रामगढ़ को निदेश दिया गया। जिला योजना पदाधिकारी–सह–प्रभारी पदाधिकारी, DMFT, रामगढ़ द्वारा निम्न प्रस्ताव समर्पित किये गये :–

1. सचिव–सह–खान आयुक्त, खान एवं भूतत्व विभाग, झारखण्ड राँची के पत्रांक 01/एम0 दिनांक 06.01.2020 में उल्लेखित DMFT/PMKKKY प्रावधानों के तहत् DMFT योजनाओं का Monitoring and Implementation हेतु बिन्दुवार चर्चा की गयी। उल्लेखित सभी बिन्दुओं का अनुपालन हेतु सभी पदाधिकारियों एवं PMU, DMFT रामगढ़ को निदेश दिया गया।
2. दिनांक 07.02.2020 को सचिव, खान एवं भूतत्व विभाग, झारखण्ड, राँची द्वारा Video Confrencing में दिये गये निदेश के आलोक में DMFT अन्तर्गत स्वीकृत योजनाओं, जिसपर अब तक कार्य प्रारम्भ नहीं किया गया है एवं DMFT मद में राशि की उपलब्धता व वर्तमान योजनाओं में Liabilitiy आदि पर विस्तृत चर्चा की गयी। जिला खनन पदाधिकारी द्वारा बताया गया कि सी0सी0एल0 की कई बड़ी परियोजनाएँ पर्यावरणीय स्वीकृति/CTO नहीं मिलने के कारण पूरी क्षमता से काम नहीं कर रहे है, फलस्वरूप इस वर्ष कुल जमा राशि गत वर्ष से कम होने की संभावना है। समीक्षोपरान्त प्रबंध समिति द्वारा निम्नवर्णित चार योजनाओं जिनपर अब तक कार्य प्रारम्भ नहीं किया गया है, उसे तत्काल प्रभाव से रद्द करने का निर्णय लिया गया तथा कार्य एजेन्सियों को अविलम्ब सूचनार्थ एवं अनुपालन हेतु पत्र भेजने का निदेश दिया गया।

क्र.	योजना का नाम	स्वीकृति आदेश	प्राक्कलित राशि	नामित कार्यकारी एजेन्सी
1	प्रखण्ड माण्डू के कुजू में मल्टीपर्पस हॉल सह कम्युनिटी डेवलपमेन्ट सेन्टर का निर्माण।	916/जि0यो0 दिनांक 05.10.2018	4,91,26,000.00	कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, रामगढ़
2	माण्डू अंचल अन्तर्गत माण्डू चट्टी पंचायत के गोविन्दपुर मौजा में पंचायत ग्रोथ सेन्टर का निर्माण।	917/जि0यो0 दिनांक 05.10.2018	3,97,21,300.00	कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमण्डल, रामगढ़
3	गोला प्रखण्ड गोला में मल्टीपर्पस हॉल का निर्माण।	254/जि0यो0 दिनांक 09.03.2019	3,52,07,000.00	जिला अभियंता, जिला परिषद, रामगढ़
4	रामगढ़ जिलान्तर्गत पतरातु प्रखण्ड के पतरातु मार्केट का विकास कार्य।	93/जि0यो0 दिनांक 23.02.2018	4,96,90,600.00	कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, रामगढ़

3. ज्ञानशिला अन्तर्गत Medical/Engneering आवासीय कोचिंग सुविधा उपलब्ध कराने की योजना की समीक्षा के क्रम में कोचिंग संस्थान के संचालन हेतु भवन उपलब्ध कराने से संबंधित महाप्रबंधक, सी0सी0एल0 अरगड्डा क्षेत्र के पत्रांक 243 दिनांक 13.01.2020 पर चर्चा की गयी। उक्त पत्र में सिरका–अरगड्डा का डिस्पेंसरी एवं अतिथि भवन उपलब्ध कराने की असमर्थता जाहिर किये जाने के कारण ज्ञानशिला कार्यक्रम के संचालन में व्यवहारिक कठिनाईयाँ उत्पन्न होने के फलस्वरूप इसे सर्वसम्मति से रद्द करने का निर्णय लिया गया।

क्र.	योजना का नाम	स्वीकृति आदेश	अनुमानित व्यय	MoU
1	Medical/Engneering आवासीय कोचिंग सुविधा "ज्ञानशिला" के कार्यान्वयन हेतु चयनित एजेन्सी Career Point Ltd, Kota, Rajasthan का MoU रद्द करने हेतु।	536/जि0यो0 दिनांक 05.10.2018	1,97,29,000.00	जिला शिक्षा पदाधिकारी, रामगढ़।

Scanned by TapScanner

4. पूर्व में प्रशासनिक स्वीकृत योजनाओं, जिसका कार्यान्वयन किया गया है उसे निम्नवत् अनुमोदित किया गया।

Sl.	Scheme Name	Agency	Estimated Amt	Admin Approval
1	Purchase of equipments for Orthopeadic operation theatre (Sadar Hospital, Ramgarh)	CS office	23,56,926.00	
2	Under SBM new toilet construction for universal coverage in all blocks **(Temporary as a Loan)**	DWSD	6,00,00,000.00	04/Plan., Dated 03.01.2020

5. शौचालय एवं सोलर जलापूर्ति योजनाओं में शत–प्रतिशत योजनाओं का भौतिक सत्यापन कर पूर्णता प्रमाण–पत्र एवं व्यय की गयी राशि राशि का उपयोगिता प्रमाण पत्र उपलब्ध कराने हेतु कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, रामगढ़ को निदेश दिया गया।
6. उच्च स्तरीय पुल एवं पुल–पुलिया में शत–प्रतिशत योजनाओं का स्थल भ्रमण कर अद्यतन भौतिक स्थिति के प्रतिवेदन के साथ सूची उपलब्ध कराने हेतु कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, रामगढ़ को निदेश दिया गया।

तदोपरान्त बैठक में दिये गये निदेशों पर शीघ्र कार्रवाई कर अनुपालन सुनिश्चित करने का निदेश के साथ सधन्यवाद बैठक की कार्रवाई समाप्त की गयी।

ह0/–
उपायुक्त–सह–अध्यक्ष,
DMFT, रामगढ़।

ज्ञापांक 118 /जि0यो रामगढ़, दिनांक 19/02 /2020

प्रतिलिपिः– **सभी संबंधित पदाधिकारियों को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।**

19/02/2020
उपायुक्त–सह–अध्यक्ष,
DMFT, रामगढ़।

Scanned by TapScanner